**खबर संक्षेप**

### छात्रा योगिता मरावी का राष्ट्रीय चयन



**मण्डला।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ईएमआरएस की कक्षा 8वीं की छात्रा योगिता मरावी ने अपनी कला प्रतिभा से विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। 22 अगस्त को ईएमआरएस केसला नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला कला प्रतियोगिता में योगिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति द्वारा आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य जनजातीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित करना और नई पीढ़ी में रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। चयनित छात्र-छात्राओं की कृतिया आगामी चरण में राष्ट्रीय मूल्यांकन भेजी जा चुकी हैं। इसके बाद सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में 6 दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय कला प्रदर्शनी एवं कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें देशभर से चयनित विद्यार्थी अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रीना ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। वहीं विद्यालय के कला शिक्षक प्रकाश विश्वास के मार्गदर्शन में योगिता ने यह उपलब्धि हासिल की है।

**निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं हो-सांसद एवं अध्यक्ष दिशा समिति श्री कुलस्ते**

# निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो निर्माण कार्य

*** दिशा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को जिला योजना भवन में आयोजित हुई। बैठक में पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े मौजूद थे। बैठक में जिले में अधोसंरचना कार्य, वन विभाग द्वारा किए गए पोधरोपण, पीआईयू (लोक निर्माण विभाग) एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंडला क्र. 1 एवं 2 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना एवं अवसंरचना योजना (विधायक मद) से स्वीकृत कार्यों एवं उनकी भौतिक प्रगति की बिन्दुवार जानकारी दी। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण करें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। जो निर्माण कार्य वन विभाग से अनुमति के लिए लम्बित है उन्हें आपसी समन्वय से विधिवत प्रक्रिया के साथ पूर्ण करें। वन ग्राम में ग्रेवल सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचनी चाहिए इस कार्य में लेट-लतीफी नहीं हो विभाग इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। जनप्रतिनिधियों को वन ग्रामों की सूची प्रदान करें एवं निर्माण कार्यों की जानकारी दें।

सांसद एवं दिशा समिति अध्यक्ष श्री कुलस्ते ने बैठक में कहा कि संबंधित विभागों के द्वारा जो निर्माण कार्य बारिश के कारण रूके थे अब उन पर ध्यान केन्द्रित कर पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इनका लोकार्पण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराया जाए। पूर्व एवं पश्चिम सामान्य वन मंडल अधिकारी द्वारा वर्षाऋतु में रोपित पौधों की जानकारी दी गई। पौधरोपण में कितने पौधे कहां और किन क्षेत्रों में लगाए जाएंगे इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को होनी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में वन परिक्षेत्र के अधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहे इस बात के भी स्पष्ट निर्देश बैठक में दिए गए। उन्होंने कहा कि बांस मिशन को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां करें, ताकि इसका लाभ हितग्राहियों को मिले। शासकीय खाली पड़ी भूमि को चारागार के रूप में विकसित करें। कैम्पा योजना के तहत वनरक्षक आवास जो अभी अधूरे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराएं।



पीआईयू (लोक निर्माण विभाग) द्वारा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि अनुबंध अनुसार कार्य समयावधि में पूर्ण हो। प्रगतिरत कार्यों की सतत रूप से मॉनिटरिंग हो। विद्यालय, आंगनवाड़ी, आईटीआई तक आसानी से पहुंचने के लिए एप्रोच रोड बनी हो। जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास सहायता, अंतरजातीय विवाह, बस्ती विकास योजना एवं प्रतिभा/वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना की जानकारी एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता द्वारा बैठक में दी गई। सांसद श्री कुलस्ते ने निर्देशित किया कि इन योजनाओं का लाभ समय पर एससी/एसटी के विद्यार्थियों को मिले।

बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जयदत्त झा सहित नगरपालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, वन मंडल अधिकारी पश्चिम नित्यानंदन एल एवं वन मंडल अधिकारी पूर्व श्रीमती प्रीता एस एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बकौरी ने तोड़ा 9 दुकानों का ताला



*** 04 दुकानदारों ने स्वयं खाली किया दुकान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बकौरी

कल दिनांक 11/09/2025 को ग्राम पंचायत बोरी स्थित हाट बाजार में पंचायत द्वारा निर्मित 13 दुकान खाली करने हेतु पूर्व में पंचायत द्वारा दिनांक 23/08/2025 एवं 30/08/2025 तथा 01/09/2025 के माध्यम से दुकानदारों को सूचना पत्र के माध्यम से आदेशित किया गया था परन्तु सूचना उपरान्त दुकान खाली नहीं किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी मण्डला आदेश क्रमांक /अ.वि.अ./स. 1/2025/1460 मण्डला दिनांक 10/09/2025 के पालन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार मण्डला की उपस्थिति में पुलिस बल पुलिस थाना कोतवाली के सहयोग से सरपंच ग्राम पंचायत बकोरी व ग्रामवासियों के उपस्थिति मे 13 दुकान में से 04 दुकाने दुकानदार के द्वारा दुकान स्वयं खाली किया गया शेष 09 दुकानों का ताला तोड़कर दुकान खाली कर सामानों की जप्ती की कार्यवाही की गई। जप्ती किये गये सामानों को ग्राम पंचायत बकोरी की अभिरक्षा में ग्राम पंचायत भवन में रखे जाने की कार्यवाही की गई एवं पंचनामा तैयार किया गया।



### 19 हजार 500 रूपए की मदिरा जप्त एवं 200 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया



**मण्डला।** जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत बिछिया में ग्राम सरही, भानपुर, बिछिया में दबिश की कार्यवाही कि गई। मदिरा का अवैध विक्रय करने वालों के विरुद्ध की गई कार्यवाही में 58 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया। जिसमें 20 डिब्बों में भरा 200 किलो महुआ लाहन जप्त कर घटनास्थल पर नष्ट किया गया। 5 आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 19500 रूपए है। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी बल उपस्थित था।

### सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम के संबंध में आयोजित हुई बैठक



**मवई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय मवई में दिनांक 12 सितंबर 2025 को भाजपा प्रदेश संगठन की मंशानुसार जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर से 02 अक्टूबर) कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की रूपरेखा तय की गई। जिसमें पूर्व विधायक डॉक्टर शिवराज शाह जिला पदाधिकारी के रूप में नव निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू मंडल अध्यक्ष मवई प्रहलाद मरकाम तथा मंडल मवई के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण के विरुद्ध आवेदनकर्ता द्वारा सांसद एवं विधायक से न्याय की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज




जनपद पंचायत नारायणगंज में ग्राम पंचायत पटेहरा की ग्राम टिकरिया में ग्राम पंचायत एवं कुछ लोगों द्वारा राजकुमारी धुर्वे को अतिक्रमण के लिए डराया धमकाया जा रहा है जिससे आवेदिका की मानसिक स्थिति खराब हो रही है आवेदनकर्ता द्वारा कहा गया कि घास की जमीन में ही उक्त निर्माण कार्य कराया गया था एवं विगत 30-40 वर्षों से सिंचाई विभाग में पदस्थ पति आषाढु धुर्वे को विभाग ने जमीन दिलाई थी जिस पर उनका मकान बना हुआ है परंतु पंचायत द्वारा आवेदनकर्ता पर अतिक्रमण हटाये जाने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। आवेदिका द्वारा सांसद एवं विधायक से न्याय दिलाने की लिखित शिकायत की गई है।



**बैठक** | सांसद, विधायक एवं एसडीएम ने ली जनपद स्तरीय बैठक।

# जर्जर भवन में स्कूल लगा तो जबावदार शिक्षा विभाग-कुलस्ते

*** जन समस्याओं पर की गई चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज





जनपद पंचायत नारायणगंज के सभा कक्ष में सांसद फगन सिंह कुलस्ते विधायक चैन सिंह बरकड़े एसडीएम श्री वर्मा ने जनपद स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली गई जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का सही रूप से क्रियान्वयन एवं जन समस्या का निवारण के लिए यह बैठक ली गई जिसमें फागन सिंह कुलस्ते के द्वारा अधिकारियों से जानकारी ली गई की उनके विभाग में जो योजनाएं चालू हैं और जो चालू होना है उसमें कहां तक प्रगति में है और जिन लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है उन्हें प्राथमिकता से शासन की जल कल्याणकारी योजना एवं उनकी समस्या किस तरह से हाल हो सके इस बारे में बताया गया है सांसद एवं विधायक द्वारा अधिकारियों के में जनपद पंचायत नारायणगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती दीप्ति यादव से जानकारी ली गई कि जनपद क्षेत्र में जो मनरेगा एवं निर्माण कार्य हो रहे हैं उन्हें समय पर पूर्ण करवा एवं पंचायत की एक बैठक बुलाकर पंचायत की समस्या के बारे में उनसे जानकारी ली जाए शिक्षा विभाग से आए हुए शिक्षा अधिकारी डी के सिगोर द्वारा बताया गया कि जनपद में के आसपास के कई स्थान में स्कूल भवन की स्थिति बहुत जर्जर है जिससे कई शाला भवन विहीन है कई स्कूलों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है जिनकी लिस्ट बनाकर जिला कार्यालय पहुंचाई गई सांसद द्वारा कहा गया कि जो स्कूल जर्जर की स्थिति में है वहां पर भवन ना लगे अगर कोई भी शिकायत आती है कि जर्जर स्कूल में भवन लग रहा है जिसकी जवाबदारी शिक्षा विभाग की होगी विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अन्य समस्याओं की जानकारी सांसद एवं विधायक महोदय को दी गई वन विभाग मयंक उपाध्याय के द्वारा बताया गया की वन ग्रामों में सभी जगह पर सड़क एवं बैगा परिवारों से उनके हक के जनकल्याणकारी योजना का लाभ दिया जाए एवं वन ग्रामों में सभी मूलभूत सुविधा जैसे स्कूल भवन सड़क पानी की समस्या लाइट की समस्या आदिउपलब्ध कराई जाए एवं विभाग द्वारा वृक्षारोपण कराया जाए महिला विकास परियोजन अधिकारी संजीव मोहरे द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केदो में बच्चों को पोषण आहार पोषण आहार दिया जा रहा है एवं गर्भवती महिलाओं को समय पर पोषण आहार दिया जा रहा है और आंगनवाड़ी के भवनों के बारे में पूछा गया जिसमें नई भवन काम प्रगति पर है उन्हें शीघ्र ही गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा इसी तरह मनरेगा में मजदूरों को मजदूरी समय पर मिल सके इस विषय में पंकज साहू द्वारा विस्तृत जानकारी सांसद एवं विधायक दी गई विद्युत विभाग जूनियर इंजीनियर मरावी जी के द्वारा बताया गया कि आसपास के सभी ग्रामों में विद्युत खंभा एवं वोल्टेज की समस्या आदि के बारे में जानकारी दी गई विधायक द्वारा एक प्रश्न में खाद्य अधिकारी से चर्चा की की लोगों के द्वारा शिकायत आ रही हैं कि सेल्समैन जो कि खाद्यान्न वितरण में लापरवाही कर रहे हैं फिंगर अंगूठे के निशान जो कि खाद्यान्न देने के पहले लगाकर उन्हें अनाज नहीं दिया जा रहा है इस तरह की लापरवाही दोबारा ना हो इस संबंध में उन्हें दिशा निर्देश दिया गया जनपद में जल जीवन निगम एवं पीएच विभाग द्वारा हर गांव में लोगों को पानी मिल सके इस विषय में विभागीय अधिकारी द्वारा चर्चा की गई जिसमें जल जीवन निगम जो की 2022 में मैं काम चालू हुआ था परंतु अभी तक काम पूर्ण नहीं किया गया जिसमें जल जीवन निगम के अधिकारी द्वारा जनवरी 26 में पूर्ण करने के लिए एवं घर-घर पानी उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया गया समय पर पानी की टंकी एवं पाइप लाइन में प्रगति और जो ठेकेदार द्वारा पंचायत में काम कर रहे एवं ग्राम पंचायत से एनओसी लेकर काम नहीं हो रहा है जिससे लोगों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई जगह ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा काम छोड़कर चले गए जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी जगह है कामों की समीक्षा की जाए एवं अधूरे पड़े निर्माण कर को पूर्ण करने का प्रयास किया जाए उद्यान की विभाग द्वारा विभागों को वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए जाएं एवं आंगनवाड़ी स्कूल पंचायत भवन एवं सभी शासकीय भवनों में वृक्षारोपण कराए जाएं सांसद एवं विधायक द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश किया गया कि सभी क्षेत्र में भ्रमण कर जनता की समस्या हल करें साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करें।

## उमंग है तो जिंदगी में रंग है की थीम पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में उमंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक रोहणी प्रसाद कोस्टा के मुख्य आतिथ्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी कान्हा टाइगर रिजर्व अभिषेक दुबे, सरपंच पार्वती उइके, दीप सिंह मरावी के विशिष्ट आतिथ्य, अशोक बाजपेयी की अध्यक्षता व पालकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। समस्त अतिथियों के स्वागत के बाद विद्यालय के उमंग हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर राकेश नामदेव द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहयोग से चलाया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित 10 जीवन कौशलों से परिचित कराना है। पिछले वर्षों में विद्यालयों में संचालित उमंग कक्षाओं से विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। प्रत्येक मंगलवार को सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में जीवन कौशल शिक्षा का एक अनिवार्य सत्र आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और UNFPA की संयुक्त भागीदारी है।आयोजित कार्यक्रम में छात्रों द्वारा शिक्षकों के सहयोग से सहभागी निर्णय एवं निश्चयात्मक संवाद की गतिविधियों का प्रदर्शन के बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा अपनी अपनी सफलता की कहानी से बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया।विद्यालय की शिक्षक अंजुला पटेल द्वारा उमंग गीत सुनाने के साथ उमंग स्वास्थ्य हॉस्पिटल एवं बच्चों के लिए आवश्यक नम्बरों की जानकारी दी गई। विद्यालय के छात्रों ने भी उमंग की कक्षाओं के बाद बदलाव की कहानी को साझा किया। विद्यालय में इस कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली, प्रश्न मंच आदि का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय के उमंग कार्नर का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य के उदबोधन के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, ईनाम व स्वल्पाहार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।मंच संचालन शिक्षक राकेश नामदेव ने किया।

### दो कारों की हुई आपस में आमने सामने टक्कर



***भुआ बिछिया*** *मंडला नेशनल हाईव 30 मे रात्रि 8 बजे के लगभग बिछिया से मंडला के तरफ जा रही टाटा अल्ट्रोज कार और मंडला से आ रही मारुति फ्रॉनस कार आपस में टकराई कार में सवार लोग हुए घायल घटना की जानकारी लगते ही बिछिया पुलिस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है घटना बंजारी के पास भुआ स्कूल की है बिछिया थाना प्रभारी ने बताया कार में बैठे लोगों को मामूली चोट आई थी जिन्हें उपचार के लिए स्वस्थ केंद्र में भर्ती कराया गया गया सभी स्वस्थ बताए गए।*

## खबर संक्षेप

### ओशो संन्यासियों ने तीर्थ भारती का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय ओशो लीला आश्रम में समबुद्ध ओशो के पिता स्वामी देव तीर्थ भारती बाबूलाल जैन के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि यह शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में तीन दिन तक चला, जिसमें ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का अभ्यास किया गया।महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ओशो के संन्यासियों द्वारा विशेष ध्यान विधियों का अभ्यास किया गया।इ स दिन भजन-कीर्तन, आनंद नृत्य, और साक्षी भाव में ओशो के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया जाता है कि स्वामी देव तीर्थ भारती ने अपनी देह त्यागने के दिन ही संबोधि और बुद्धत्व प्राप्त किया था, जो उनकी आध्यात्मिक यात्रा का शिखर था। ओशो के पिता बाबूलाल जैन और माता सरस्वती जैन ने ओशो इंटरनेशनल कम्यून, पुणे में अपने ही आध्यात्मिक गुरु पुत्र रजनीश ओशो से सन्यास दीक्षा प्राप्त की थी। दीक्षा के बाद बाबूलाल को स्वामी देव तीर्थ भारती और सरस्वती जी को मा सरस्वती नाम दिया गया और दोनों ने ओशो की आध्यात्मिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीन दिवसीय ध्यान शिविर में स्थानीय और बाहरी संन्यासियों ने भाग लिया। वही शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का रसपान किया और अपने अनुभव साझा किए। ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने शिविर में शामिल सभी संन्यासियों का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने में सबका योगदान की सराहना की गई। इस महापरिनिर्वाण दिवस का यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ था, बल्कि ओशो की शिक्षाओं और उनके पिता के संबोधि के क्षण को याद करने का एक माध्यम भी बना।

### कन्या नवीन विद्यालय मे नई रोशनी योजना के तहत छात्राओं क़ो दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उ मा विद्यालय मे नई रोशनी योजना के अंतर्गत छात्राओं क़ो मार्ग दर्शन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति लेखा कौरव ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनकर सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा स्वरोजगार के माध्यम से भी हम जीवन मे आगे बढ सकते है। इस कार्यक्रम मे वरिष्ठ शिक्षक चंद्रकांत साहू, आर एन उपाध्याय एवं एनसीसी प्रभारी सुश्री मीना पटेल एनसीसी कैडेट्स एवं स्टाफ ने भी अपनी भागीदारी दी गई। ज्ञात हो कि उक्त योजना एनसीसी गर्ल्स बटालियन जबलपुर के अंतर्गत एनसीसी लेने वाली छात्राओं के पालकों को स्वरोजगार मे प्रोत्साहित करने के लिए है जिससे छात्राएं एवं उनके पालक स्वावलंबी बन सकें।

## घटनों भर पानी के बीच से निकलने मजबूर हो रहे कालोनीवासी

# इंदिरा वार्ड पंचवटी कॉलोनीवासियों द्वारा लगाई जा रही गुहार, पार्षद भैया सड़क नहीं बनवा सकते हैं तो निकलने के नाव ही डालवा दो..







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

निश्चित तौर से जब कोई मतदाता अपना नगर हो या फिर वार्ड सहित अन्य पद पर नेता का चुनाव करता है तो उसे उम्मीद रहती है कि वार्ड का मुखिया समय समय पर हम लोगों के बीच पहुंचते हुये परेशानियों से निजात दिलाने में पीछे नही रहेगा..? वही दूसरी ओर वार्ड में विकास करते हुये लोगों को उचित सुविधाये प्रदान की जावेगी। मगर इस समय नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इंदिरा वार्ड की पंचवटी कालोनी की जो सच्चाई देखने मिल रही है वह निश्चित तौर से वार्ड के मुखिया की उदासीनता पूर्ण कार्य शैली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर इस कालोनी में रहने वाले लोगों का हाल इस तरह से देखने मिल रहा है कि वह अपने घरों तक पहुंचने के लिये गड्डो में घुटनों तक भरे हुये पानी के बीच से निकलने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। इस सच्चाई को लेकर वार्ड के लोगों द्वारा अपने वार्ड के पार्षद से गुहार लगाई जा रही है कि पार्षद भैया जब कालोनी में सड़क नही बनवा सकते हो तो कम से कम हम लोगों को निकलने के लिये एक नाव की प्रदान करा दो..? बताया जाता है कि नगर के पंचवटी कालोनी में इस समय सड़क नही होने के कारण जहां आने जाने वाले मार्ग के अनेक जगहों पर बड़े बड़े गड्डो में पानी भरा हुआ है। इस स्थिति में कालोनी के निवासियों को इन गड्डो में भरे हुये पानी के बीच से निकलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर खाली पड़ी हुई जगहों में बारिश का पानी एकत्र होने के कारण वह बदबू मारने के साथ अनेक प्रकार के मच्चछर पैदा होने के कारण संपूर्ण कालोनी में बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर में लगातार विकास होते हुये देखे जा रहे है। मगर इस कालोनी में विकास के नाम पर जिस तरह पिछड़ रही है वह इस बात को उजागर करने से नही चूक रहे है कि शायद वार्ड के मुखियाँ की उदासीनता कही जावे या फिर गैर जिम्मेदाराना रवैया का परिणाम वार्ड की जनता को भोगने के लिये मजबूर होना पड़ है। वार्ड के लोगों का कहना है कि वार्ड में शायद ही कभी पार्षद महोदय को भ्रमण करते हुये लोगों के बीच देखा गया हो..? वही वार्ड में विकास के लिये रूचि नही दिखाने के चलते न तो सड़को का निर्माण हो रहा है और न ही नालियाँ बनी पा रही है। इस स्थिति में यहां पर लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क से बहने के साथ साथ खाली पड़ी हुई जगहों पर एकत्र होने के कारण बदबू मारते हुये कालोनी वासियों को गांव से भी बुरी स्थिति में जीवन यापन करने के लिये मजबूर कर दिया गया है। नगर की पंचवटी कालोनी में निवास करने वालो लोगों को आने जाने के लिये बने हुये मार्गो का निर्माण नही होने के कारण जहां बड़े बड़े गड्डे बन चुके है और उनमें बारिश सहित नालियों का पानी भरा होने के कारण लोगों को अपने वाहन सहित पैदल उसी पानी के बीच से निकलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है..? सही मायने में देखा जावे तो इस कालोनी में निवास करने वाले लोगों को विकास कार्यो में पिछड़ने के चलते ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद वह नगर पालिका सीमा से बाहर निवास कर रहे है सिर्फ चुनाव के दौरान ही उनकी गिनती नगर पालिका में मानी जाती है इसके बाद विकास कार्यो के नाम पर इस कालोनी को याद ही नही किया जा सकता है..? गांव से बदहाल स्थिति में निवास करने वाले इस कालोनी के लोगों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस कालोनी में भ्रमण करने के लिये आमंत्रण करते हुये गुहार लगाई जा रही है कि यदि उनकी वोट का महत्व मात्र चुनाव तक सीमित है तो फिर रोड नही बनवा सकते है तो कम से कम आने जाने के लिये एक नाव ही दीलवा देवे जिससे हम लोगो गड्डो में भरे हुये गंदे पानी से भीड्ने से बचते हुये निकल सके। इस तरह बादल स्थिति में पहुंची नगर की पंचवटी कालोनी में स्कूल आने जाने वाले बच्चों का हाल इस तरह देखा जाता है कि जब वह स्कूल जाने के लिये अपने घरों से ड्रेस लगाकर निकलते है और इन गड्डो को पार करने के दौरान अनेकों बार गड्डो में गिरने के कारण कीचड़ में ड्रेस खराब हो जाने के कारण स्कूल जाने से बंचित होना आम बात बन चुकी है। मगर हैरत की बात है कि इस तरह बदहाली की स्थिति में जीवन यापन कर रहे इस कालोनी के लोगों के बीच न तो वार्ड के पार्षद पहुंचकर उनकी समस्याओं का निदान करने की सोच रखे हुये है और न ही अन्य जनप्रतिनिधि जिसके चलते पंचवटी कालोनी के लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है।

# चीचली पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज/चीचली। शराब सहित मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में लगातार धरपकड मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह राजपूत को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सिंहपुर छोटा बारहाबड़ा मार्ग पर कुछ लोग भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुये है। इस सूचना से उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दिशा निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा आरोपियों को माल सहित पकड़ने के लिये एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में थाना प्रभारी के आलवा उनि बबीता पहाडे, सउनि इंद्रपाल चौहान, आरक्षक मोहित यादव, सुनील त्यागी, सत्य, पंकज, सतीश, आनंद, नमन, राकेश, प्र आर चालक अमित पटेल तथा महिला आरक्षक वंदेश्वरी को शामिल किया गया था। मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये दो युवकों को पकड़ते हुये जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम रूपेश उर्फ दुर्गेश प्रजापति निवासी जिला शहडोल हाल सालीचौका व दूसरे ने अपना नाम परषोत्तम उर्फ कल्लू महाराज निवासी बसुरिया सालीचौका होना बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा आरोपियों के पकड़े गये स्थल का निरीक्षण किया तो इनके पास से पुलिस को 245 पाव देशी तथा 60 पाव अंग्रेश शराब मिली जो कही ले जाने के जुगाड़ में खड़े हुये थें। इस तरह चीचली पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के पास से लगभग 26 से भी अधिक कीमत की शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह चीचली पुलिस द्वारा जिस प्रकार से सालीचौका क्षेत्र के आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। इस सच्चाई से हरिभूमि की उस खबर पर मुहर लग चुकी है कि सालीचौका क्षेत्र में किस तरह गांव गांव अवैध शराब से शराब की सप्लाई करते हुये उसका विक्रय किया जा रहा है। इस तरह आरोपियों के पास जो अवैध शराब देशी व अंग्रेजी चीचली पुलिस द्वारा पकड़ी गई है वह निश्चित तौर से इनके द्वारा खुद तो निर्माण की नही होगी..? निश्चित तौर किसी ने किसी ठेके से इस तरह खरीदी गई होगी या फिर ठेके के संचालकों द्वारा इस इसे कही भेजा जा रहा होगा..? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस पकड़े गये आरोपियों से सघनता के साथ पूछताछ करती है तो निश्चित तौर से इस तरह गांव गांव शराब पहुंचाने वाले ठेकेदार भी बेनकाब होने से नही बच पायेगे..?

## सांदीपनि विद्यालय सांईखेड़ा में उमंग दिवस का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में बीते हुये दिवस उमंग दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हुआ। इन गतिविधियों को संपन्न कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन के विभिन्न पहलुओं पर जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस थाना साईंखेड़ा के प्रभारी प्रकाश पाठक के आलवा सतीश राजपूत और पालकों में योगेंद्र राजपूत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की उमंग प्रभारी पूनम बसेडिया द्वारा उमंग गतिविधियों के उद्देश्य और महत्व की जानकारी साझा करते हुए की गई। इसके बाद विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। वही थाना प्रभारी प्रकाश पाठक ने किशोरावस्था की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सचेत किया और उन्हें अपनी आदतों पर नियंत्रण रखने के महत्व को समझाते हुये बुराईयों से दूर रहने के लिये जागरूक किया गया। इसके आलवा उन्होंने कहा कि यह समय स्वयं के व्यक्तित्व निर्माण का होता है और अगर इस समय में सही दिशा में कदम बढ़ाए जाएं तो जीवन की चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सकता है। इस अवसर पर सतीश राजपूत ने नशे के सेवन से दूर रहने की आवश्यकता पर जोर दिया और अपने जीवन के विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को यह समझाया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। वही उन्होंने नशा मुक्त जीवन जीने के फायदे बताए और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन भानु प्रताप राजपूत ने किया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत उत्साहजनक और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया। इस मौके पर प्राचार्य मनीष तिवारी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच और जागरूकता पैदा करने में सहायक होते हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अपेक्षा व्यक्त की गई कि वह इस कार्यक्रम से मिले संदेश को अपने जीवन में लागू करें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें।यह आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था। बल्कि उनके मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

# छात्र छात्राओ को स्कूलों में दिखाया गया स्कूटी वितरण का सीधा प्रसारण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह सहित जनजातीय मंत्री कुंवर विजय शाह एवं मंत्री विश्वास सारंग की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित प्रदेश के 7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्कूलों मे छात्र छात्राओं को दिखाया गया। बताया जाता है कि इस आयोजन क़ो दिखाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए गये थे। स्कूलों मे इस हेतु विशेष प्रबंध भी किये गये थें। वही विद्यार्थियों को अध्ययन की महत्वता एवं समय प्रबंधन, कठोर परिश्रम, अध्ययन में ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के स्कूटी न चलाएं और स्कूटी चलाते समय हेलमेट जरूर पहनने की समझाइश दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी वितरण और 20 लाख से अधिक बालिकाओं को सैनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 61 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में विकासखंड स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज/चीचली। विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये दिवस विकासखंड स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन मे किया गया। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में चीचली विकास खंड अंतर्गत शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के शाला स्तर पर चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन साहित्यिक, सांस्कृतिक सहित अन्य विधाओं मे शानदार प्रदर्शन किया गया। वही यह प्रतियोगिता प्राचार्य भूपेश ठाकुर के निर्देशन, प्रतियोगिता प्रभारी नंदिनी नामदेव के संयोजन तथा सुलेखा शर्मा विनीत नामदेव के कुशल मंच संचालन मे आयोजित हुई। इस आयोजन की विधा स्वरचित काव्य पाठ में खुशी कुशवाहा, पुस्तक आधारित काव्य पाठ मे निकिता कौरव ने, तबला वादन मे विशेष मेहरा, शास्त्रीय नृत्य मे छात्रा साक्षी वंशकार, सामूहिक नृत्य शिल्पाली जाटव एवं साथी , वेद पाठ मे डाली कुशवाहा, संस्कृत भाषण में सानिध्य सराठे, निबंध लेखन में वैष्णवी विश्वकर्मा, निबंध लेखन संस्कृत में अमित पाली ने, नृत्य नाटिका में प्रियांशी कौरव ने, प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये सभी चयनित छात्र छात्रायें जिला स्तर पर चीचली विकास खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन के निर्णायक पैनल अंतर्गत उषा कुरचानिया, दलगंजन सिंह कौरव, शिवा ताम्रकार, रमा कौरव, रजनी सराठे, रुकमणी ठाकुर, सत्यम ताम्रकार, काशीराम रजक, हेमंत शुक्ला, मोनिका मिश्रा, भूषण साहू, शिवम नागा, सृष्टि कौरव निधि केरकेट्टा, भारत ताम्रकार सहित शाला परिवार सहयोगी रहे।

## रामकथा के आयोजन में हो रही भक्तिरस की वर्षा, अधर्म पर धर्म की विजय क़ो दर्शाती है रामकथा— महंत रामकिशोर महाराज




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के कोचर रिसार्ट मे दिव्य संगीतमय रामकथा का आयोजन बीते हुये 8 सितंबर से जारी है। इस तरह 16 सितंबर तक आयोजित होने वाली इस राम कथा मे प्रभु श्रीराम की भक्ति मे श्रद्धालु लीन दिखाई दे रहे है। इस कथा का शुभारंभ चक्का वाले हनुमान मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा से किया गया। वही कथा मे अयोध्या से आये कथा वाचक महंत रामकिशोर शरणदास महाराज द्वारा प्रतिदिन रामकथा सुनाई जा रही है। इस दौरान उन्होने बीते गुरुवार क़ो कथा मे कहा कि रामकथा का मूल आधार भगवान राम का जीवन वृत्तांत, धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष, समाज में न्याय और सत्य का सिद्धांत है और यह आदर्श पुरुष का चित्रण प्रस्तुत करती है। इस कथा में नैतिक मूल्यों जैसे परिवार के प्रति कर्तव्य, भाई-बहन के रिश्ते, पत्नी के धर्म और सत्य के पालन पर जोर दिया गया है। इस कथा मे प्रभु श्री राम को एक आदर्श पुरुष के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो सत्य, न्याय, और कर्तव्य का पालन करता है। भगवान श्रीराम की कथा अधर्म पर धर्म की विजय को दर्शाती है जहाँ बुराई के प्रतीक रावण का वध करके राम धर्म की स्थापना करते हैं। वही इस कथा मे राम के जीवन की घटनाओं के माध्यम से परिवार, समाज और राज्य के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन सिखाया जाता है। इस प्रकार नगर में बह रही धर्म की गंगा में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ लेते हुये गोता लगा रहे है।

## कल्याणपुर के स्कूल में तेजस्वी योजना के तहत हुआ चैकों का वितरण



हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तेजस्वी स्वावलंबी योजनांतर्गत पात्र प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के लिए 2000-2000 रुपए के चेक वितरित किए गये। बताया जाता है कि यह चेक प्राप्त होते ही बच्चे जहां खुशी से झूम उठे वही इसके भाव छात्रों के चेहरों पर साफ दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने नए-नए आइडिया पालकों और ग्रामवासियों के समक्ष प्रस्तुत किए। जिला तेजस्वी प्रभारी अभिनय गर्ग ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। तेजस्वी गतिविधि प्रभारी जीवन लता इक्का एवं वरिष्ठ शिक्षक शिवदास चढ़ार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा त्रैमासिक परीक्षा संपन्न होने पर पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मूल्यांकन के बाद छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं और परीक्षा परिणाम सभी पालकों के सामने प्रस्तुत किए गए। इस दौरान शाला प्राचार्य ओम प्रकाश कौरव ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा छात्र हित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुये उन्होंने बताया कि अब लैपटॉप राशि, स्कूटी राशि, छात्रवृत्ति और गणवेश राशि सभी छात्रों के खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित की जाती है। इस मौके पर छात्र छात्राओं के अलावा सभी पालक उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

लाल जी गुर्जर आ. तुलसीराम गुर्जर निवासी ग्राम ढ़ाना पो. पनागर, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हैं। यह है कि मुझे शपथकर्ता की पत्नी राजमनी गुर्जर के प्रसव के दौरान पुत्री लताशा गुर्जर का जन्म दिनांक 24/11/2023 को नीखरा नर्सिंग होम जिला नरसिंहपुर में हुआ था। मेरी पुत्री का जन्म प्रमाणपत्र बना हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या B-202423-90290-000206 है। मेरी पुत्री का नाम लवांश गुर्जर दर्ज है जो कि गलत है। सही नाम लताशा गुर्जर है व शपथकर्ता का नाम लाल जी दर्ज है। जो कि अपूर्ण है, मेरा सही नाम लाल जी गुर्जर है एवं स्थाई पता दर्ज नही है। स्थाई पता ग्राम दाना पो. पनागर तह, गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. पिन 487881 है। मेरी पुत्री का नया डिजीटल प्रमाण पत्र जारी किया जाये जिसमें मेरी पुत्री का नाम लताशा गुर्जर LATASHA GURJAR एवं माता का नाम राजमनी गुर्जर RAJMANI GURJAR व पिता का नाम लाल जी गुर्जर LAL JIY GURJAR तथा स्थाई पता ग्राम दाना पो. पनागर, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. पिन 487881 दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

**शपथकर्ता - लाल जी गुर्जर**
आ. तुलसीराम गुर्जर
निवासी ग्राम दाना, पो. पनागर
तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

**स्कूल टी. सी गुम होने की सूचना**

ऋषभ मेहरा आयु 21 वर्ष आ. श्री राजेन्द्र मेहरा निवासी ग्राम बोहानी, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता ऋषभ मेहरा ने कक्षा 12 वीं स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में परीक्षा वर्ष 2021 में उत्तीर्ण की थी, उसके उपरांत मैने शाला छोड़ दी गई थी। तथा शाला यानि की पढ़ाई छोड़ने के उपरांत स्कूल के द्वारा मुझे टी.सी. ( स्थानांतरण प्रमाण पत्र ) प्राप्त हुआ था। लेकिन स्कूल द्वारा प्रदान की गई वह टी. सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र ) कही गुम हो गई है। जिसको सभी जगह खोजने के बाद भी नही मिला। मुझ शपथकर्ता द्वारा वर्ष 2021 के बाद किसी भी शासकीय / अशासकीय विद्यालय में प्रवेश नही लिया गया है। मै शपथकर्ता ऋषभ मेहरा इस वर्ष डी. एड. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहता हूँ, जिस कारण से मुझ उक्त टी. सी. की जरूरत है। मुझ शपथकर्ता को वर्ष 2025 में डी. एड. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने हेतु द्वितिय ( डुप्लिकेट ) टी. सी. आवश्यकता है।
इस तरह शपथकर्ता द्वारा अपनी टी. सी. गुम होने संबंधी सूचना पुलिस चौकी सिहोरा में भी दी गई है।

**शपथ कर्ता - ऋषभ मेहरा**
आ. श्री राजेन्द्र मेहरा आयु 21 वर्ष
निवासी - ग्राम बोहानी, तहसील गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

## खबर संक्षेप

### खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु 20 पंजीयन केंद्र निर्धारित

**डिंडौरी** । म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने आदेश जारी कर जिले में कुल 20 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए हैं जारी आदेश के अनुसार निर्धारित पंजीयन केंद्रों में डिंडौरी तहसील अंतर्गत बहुउद्देशीय कृषि साख समिति मर्यादित डिंडौरी, समनापुर, चांदरानी, अमरपुर, सक्का, शाहपुर, पिपरिया, चांदपुर, कोकोमटा, बम्हनी, बजाग तहसील के बहुउद्देशीय कृषि साख समिति मर्यादित गाड़ासरई, करंजिया, बजाग, परसेल, गोरखपुर एवं शहपुरा तहसील के बहुउद्देशीय कृषि साख समिति मर्यादित बरगांव, मेंहदवानी, मानिकपुर और बिछिया को शामिल किया गया है। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित सभी पंजीयन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधा एवं जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार पंजीयन केंद्रों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी की जा सकेगी।

### हाई स्कूल भालूमाड़ा में उल्लासपूर्वक मनाया गया उमंग दिवस

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** उमंग दिवस पीएम शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा मे बड़े ही उमंग एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी एवं नगर पालिका परिषद पसान के उप यंत्री अविनाश मरकाम पार्षद इंद्रलाल केवट एवं पार्षद दीपक यादव एवं क्षेत्र के अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा की शासकीय स्कूल में पढ़ना आज के समय में गौरव की बात है उन्होंने भालूमाड़ा में पीएम खुलने पर हर्ष व्यक्त किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे ने कहा विद्यालय काफी स्वच्छ एवं नए गतिविधियों से पढ़ाई कराई जा रही है पार्षद ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया उमंग दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम कराए गए जिसका सभी लोगों ने अवलोकन किया। जैसे चित्रकला रंगोली वाद विवाद एवं कई प्रतियोगिताएं कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में आए प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने पीएम विद्यालय बनने पर हर्ष व्यक्त किया एवं बच्चों को डायरी बांटी गई पीएम विद्यालय बनने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अभिभावक एवं मंडल अध्यक्ष ने जिले के कुशल जिलाअध्यक्ष अनूपपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी क्षेत्रीय संयोजक रमसा प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सामूहिक रूप से धन्यवाद प्रेषित किया गया विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### भाजपा मंडल राजनगर का मंडल कार्यशाला का सेवा पखवाड़ा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर द्वारा आयोजित मंडल कार्यशाला सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) के राजीव गांधी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिले के उपाध्यक्ष व मंडल राजनगर के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, मंडल राजनगर के अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह सिकरवार, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनीता सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता मदन त्रिपाठी, सच्चिदानंद सिंह, महेश जेठानी, अरविंद सिंह परिहार, मनीष शुक्ला अंबिकेश सोनी, दिनेश चतुर्वेदी, सुनील गुप्ता, गिरजा विश्वकर्मा संतोष जायसवाल, महफूज आलम, संजय वर्मा, सचिन द्विवेदी, नारायण साहू, सुश्री पूजा केवट, बूथ अध्यक्ष ईश्वर दिन केवट, सुनील सोनी, विष्णु यादव, शिशुपाल पटेल, उपेंद्र तिवारी, राजकुमार सिंह, जितेन्द्र चौहान, रिंकू वर्मा, विनोद मिश्रा, आकाश पात्रों, वह विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के समस्त मंडल पदाधिकारीयो की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ और सेवा पखवाड़ा के आगामी संगठन गतिविधि को लेकर मंडल प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस, मुख्य सचिव ने की समीक्षा



**डिंडौरी** । मध्यप्रदेश शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार 12 सितंबर को मुख्य सचिव म.प्र. शासन श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान जिले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सेवा पखवाड़ा के दौरान लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, वन, गृह तथा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिला स्तर पर विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ। इन गतिविधियों में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रत्येक कार्यक्रम की कार्यवाही प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से शासन स्तर पर प्रेषित किए जाएँ। अंत में कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के फोटोग्राफ, प्रतिवेदन नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, वन मंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव, उद्योग प्रबंधक श्रीमती राधिका कुसरो, नगर परिषद सीएमओ श्री अमित तिवारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री श्याम सिंगौर, उद्यानिकी अधिकारी, प्रबंधक ई-गवर्नेंस श्री दीपक साहू, खनिज अधिकारी श्री अशोक नागले, डॉ. ममता दीवान, श्री दिलीप कछवाहा, श्रीमती श्वेता शुक्ला, स्टेनो जसवंत, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के संचालक मंडल का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

डिंडौरी ।

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरी, भोपाल द्वारा डिंडोरी जिले की प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। आदेशानुसार कुल 6 समितियों जमगांव, सारसताल, शाहपुर, करंजिया, बजाग एवं डिंडोरी के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।**

निर्धारित रिटर्निंग अधिकारियों में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित जमगांव में वरिष्ट सहकारी निरीक्षक श्री रामकृष्ण उइके, सारसताल में वरिष्ट सहायक निरीक्षक श्री धनीराम सिंह परस्ते, शाहपुर में उप अंकेक्षक श्री साकेत सिंह उलाड़ी, करंजिया में उप अंकेक्षक श्री नवीन पटेल, बजाग में सहकारी निरीक्षक श्री सिधेश्वर मसकोले एवं डिंडौरी में उप अंकेक्षकश्री उमेश भार्गव का नाम शामिल है

### घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार

20 सितम्बर 2025 को महिला पदों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी होगी। 23 सितम्बर को महिला पदों के विनिश्चिय हेतु संचालक मण्डल की बैठक, 24 सितम्बर को आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम प्रकाशित किया जाएगा, 1 अक्टूबर को नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, 3 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच एवं नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन, 4 अक्टूबर को नाम वापसी और अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन, 11 अक्टूबर को मतदान एवं मतगणना, 13 अक्टूबर को रिक्त स्थानों एवं वृत्तिका संचालकों के सहयोजन, 14 अक्टूबर को रिक्त स्थानों का नामांकन, 15 अक्टूबर को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी एवं 22 अक्टूबर को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया जाएगा। निर्वाचन प्राधिकरी ने निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन की सभी कार्यवाही मोबाइल कैमरे से वीडियोग्राफी कराई जाए तथा कलेक्टर द्वारा घोषित अवकाश की स्थिति में भी निर्वाचन कार्यक्रम यथावत जारी रहेगा।

# चरनोई भूमि और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण से पशुपालक परेशान, दुग्ध उत्पादन पर संकट



**अमरपुर**। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक गांव में दो प्रतिशत भूमि चरनोई (चरागाह) के लिए सुरक्षित रखी जानी चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। अधिकांश गांवों में चरनोई भूमि या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है या पूरी तरह से गायब हो गई है। ऐसे में पशुपालकों के सामने मवेशियों को चराने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।मामला सिर्फ चरनोई भूमि तक सीमित नहीं है। कई क्षेत्रों में तो नदी-नालों तक पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसका सीधा असर पशुओं को पीने के पानी पर पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर तो नाले पूरी तरह से खत्म हो चुके हैं, वहीं कई नदियों की चौड़ाई कम कर दी गई है और उसमें खेती की जा रही है।

इन हालातों से पशुपालन से किसानों का मोहभंग होता जा रहा है। जबकि सरकार की ओर से किसानों को पशुपालन के लिए 25% तक अनुदान देने की योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न मंचों से इस योजना का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन और जैविक खेती को बढ़ावा मिल सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि चरनोई भूमि और जलस्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाए, तो किसान एक बार फिर से पशुपालन की ओर रुख कर सकते हैं। इससे न केवल दूध उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि जैविक खेती को भी नई दिशा मिलेगी।

शासकीय भूमि की स्थिति भी चिंताजनक है। कई जगह शासकीय जमीन का बंटवारा कर उसे निजी नामों में दर्ज करवा दिया गया है। साथ ही भूमि के रकबे में भी मनमाने ढंग से वृद्धि कर दी गई है। जब नए पटवारी सीमांकन के लिए मौके पर जाएंगे तो विवाद, झगड़े और मारपीट की स्थिति बनना तय है।कुल मिलाकर, जब तक चरनोई और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाता, तब तक किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम में 136 विद्यार्थियों को मिला लाभ

डिंडौरी



गुरुवार 11 सितंबर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का सीधा प्रसारण प्रदर्शित किया गया। आयोजन में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते एवं उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू व्यौहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री राघवेंद्र मिश्रा ने जानकारी दी कि जिले के 69 हायर सेकेंडरी विद्यालयों से चयनित 136 प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई, जिनमें 67 छात्राएँ और 69 छात्र शामिल हैं। क्षेत्रवार वितरण में बजाग से 11, करंजिया से 22, डिंडौरी से 31, समनापुर से 15 और शहपुरा से 27 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके समय में पढ़ाई में अनेक बाधाएँ थीं। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि वे मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़कर राजनीति के क्षेत्र में आ गए। उन्होंने कहा कि आज सरकार विद्यार्थियों की हर संभव मदद कर रही है। निःशुल्क स्कूटी, साइकिल, ड्रेस और छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ छात्रों के उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विधायक ने कहा कि विधायक और सांसद योजनाएँ बनाते हैं और प्रशासन उन योजनाओं को जनता तक पहुँचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन अवसरों का पूरा लाभ उठाएँ और मेहनत व लगन से पढ़ाई कर अपने माता-पिता, समाज और जिले का नाम रोशन करें। श्री धुर्वे ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा साधन है, जो जीवन की दिशा बदल सकती है और आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाती है शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार विद्यार्थियों की पढ़ाई और प्रगति के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना, ड्रेस योजना, मध्यान्ह भोजन और अब स्कूटी वितरण जैसी योजनाएँ विद्यार्थियों को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष परस्ते ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई केवल साधनों की कमी के कारण बाधित न हो। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि वे इस सहयोग का सदुपयोग करें और पूरी लगन से पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्वल बनाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के युवा आने वाले समय में शिक्षा, रोजगार और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री-सीटिंग बैठक संपन्न

डिंडौरी ।



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशिकान्ता वैश्य की अध्यक्षता में आगामी 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर 12 सितंबर 2025 को जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में प्री-सीटिंग बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया गया। साथ ही लोक अदालत के आयोजन की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।आयोजित बैठक में तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश सोनी, द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत नोडल अधिकारी श्री शिवकुमार कौशल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री रविंद्र गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरजेश सनोडिया, सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष केशरवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री आर.पी. सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती कमला उईके, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री उत्कर्षराज सोनी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री रिया डेहरिया उपस्थित रहे।

# बद्री प्रसाद साहू को बनाया गया जिला महामंत्री, पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल



**डिंडोरी-** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने संगठन को और सशक्त बनाने के लिए वरिष्ठ नेता बद्री प्रसाद साहू को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। इस नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास का माहौल व्याप्त हो गया है।बद्री प्रसाद साहू ने पहले भी दो बार भाजपा मंडल अध्यक्ष और दो बार जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कार्यक्षमता, निष्ठा और प्रशासनिक कौशल के कारण उन्हें पार्टी में सम्मानपूर्वक जाना जाता है। साहू जी का पार्टी के सभी सदस्यों के साथ ही ग्रामीण जनता में भी अच्छा सम्बन्ध और विश्वास कायम है। हर गांव में उनकी पहचान और जनप्रियता पार्टी के लिए एक बड़ी पूँजी साबित हो रही है।

भाजपा पदाधिकारियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। आगामी चुनावों की तैयारी में साहू जी की सक्रिय भूमिका से पार्टी को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त होने की संभावना है। इस नई जिम्मेदारी के साथ बद्री प्रसाद साहू अपने अनुभव और समर्पण से पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे और संगठन को नये ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उनके उज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना कर रहे हैं।

# जनजातीय कन्या आश्रम शाला कोहानीदेवरी की अधीक्षिका डॉली कोर्चे निलंबित

शहपुरा डिण्डौरी।जनजातीय कन्या आश्रम शाला कोहानीदेवरी (विकासखंड शहपुरा, जिला डिंडौरी) की तत्कालीन अधीक्षिका एवं माध्यमिक शिक्षक डॉली कोर्चे को गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, लापरवाही और कदाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, जबलपुर संभाग द्वारा 9 सितम्बर 2025 को जारी आदेश के तहत की गई।

### निरीक्षण में उजागर खस्ताहाल स्थिति

दिनांक 7 अगस्त 2025 को संभागीय उपायुक्त द्वारा छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि छात्राओं के लिए बने शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए थे और स्थिति अत्यंत खराब थी।

सैप्टिक टैंक भरे पड़े थे, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट की आशंका बनी हुई थी। छात्राओं के निवास कक्षों में लगे पंखे व स्विच खराब थे। बिजली की तारें लटक रही थीं, जिससे दुर्घटना का खतरा था। संस्था को पर्याप्त बजट आवंटित होने के बावजूद वर्षों से कोई मरम्मत या सुधार कार्य नहीं हुआ था।

### पाँच साल में मिले 5.76 लाख, खर्च का कोई रिकॉर्ड नहीं

निरीक्षण के बाद जारी कारण बताओ सूचना पत्र पर अपने उत्तर में डॉली कोर्चे ने स्वयं स्वीकार किया कि वर्ष 2020-21 से लेकर 2024-25 तक उन्हें हर वर्ष 1,15,250 की राशि मिली थी। पाँच वर्षों में कुल 5,76,250 का आवंटन हुआ, जिसमें फर्नीचर, मरम्मत कार्य, आकस्मिक खर्च, खेल सामग्री और पत्र-पत्रिका जैसे मद शामिल थे।लेकिन, न तो इनका उपयोग संस्था में दिखा और न ही कोई बिल-वाउचर या स्टॉक पंजी उपलब्ध कराया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि शासन की राशि का दुरुपयोग/गबन किया गया।

### विभाग ने माना गंभीर लापरवाही

संभागीय उपायुक्त ने आदेश में उल्लेख किया है कि डॉली कोर्चे का आचरण म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है और यह कदाचार की श्रेणी में आता है। चूँकि उनके उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए, इसलिए उन्हें म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### निलंबन अवधि में मुख्यालय शहपुरा

निलंबन अवधि में डॉली कोर्चे का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी शहपुरा, जिला डिंडौरी नियत किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# उमंग है तो जिंदगी में रंग है: शहपुरा सांदीपनि विद्यालय में उमंग दिवस संपन्न

## स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य और तम्बाकू मुक्त स्कूल पर दिया गया जोर

शहपुरा



शासकीय सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में शुक्रवार को उमंग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त समन्वय से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता जाकिर खान ने विद्यार्थियों को आरकेएसके (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में सही निर्णय लेना और तनाव को नियंत्रित करना जीवन की सबसे बड़ी कला है। विद्यालय के उमंग हेल्थ वेलनेस एम्बेसडर टीचर्स ने छात्रों को उमंग कार्यक्रम के उद्देश्य, गतिविधियों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में जीवन कौशल का विकास कर उन्हें अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल करने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाने की पहल पर जोर दिया गया। छात्रों को नशामुक्त जीवन अपनाने और समाज को स्वस्थ बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य सरिता उइके, केपी राय, शिक्षक श्याम झारिया, अमृता राजपूत, हेमलता तेकाम, विजयंत सोनी सहित समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को न सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।

# कछारी मॉल के ग्रामीणों ने सचिव-सरपंच पर लगाया भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

शहपुरा

## शहपुरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कछारी मॉल में घाट निर्माण को लेकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। लगभग 4 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा यह निर्माण कार्य घटिया गुणवत्ता का पाया गया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है।




शहपुरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कछारी मॉल में घाट निर्माण को लेकर ग्रामीण भारी आक्रोशित हैं। आरोप है कि पंचायत सचिव और सरपंच ने मिलकर कई लाखों रुपए के इस निर्माण में बड़ी अनियमितताएं की हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के दौरान बड़े-बड़े पत्थर डालकर घटिया सामग्री से घाट का निर्माण किया गया, जो लंबे समय तक टिकाऊ नहीं है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह निर्माण कार्य न तो तय मानकों के अनुसार किया गया है और न ही नियमों के अनुसार। ग्रामवासियों ने कई बार प्रशासन को शिकायत की, लेकिन आज दिनांक तक न तो कोई जांच टीम बनी है और न ही कोई कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव और सरपंच की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार अंजाम दिया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने शासन प्रशासन से यह भी मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द जांच टीम गठित की जाए।

अब तक प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीण प्रशासन पर मांग कर रहे हैं कि वे जल्द से जल्द जांच प्रक्रिया शुरू करें ताकि सही लोगों को न्याय मिल सके।

## गाय को राष्ट्र माता घोषित कर बनाई जाए गौशाला

# सनातन धर्म की जननी है गाय: कम्प्यूटर बाबा

### हजारों गायों को लेकर जाएँगे सीएम हाउस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस गौ रक्षा का अभियान को लेकर प्रदेश के संत पूर्व राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त कम्प्यूटर बाबा द्वारा स्थानीय मुशरान पार्क पर पत्रकार वार्ता कर गौ रक्षा अभियान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। प्रदेश मे गाये आए दिन हादसे का शिकार हो रही है। उक्त हादसे मे केवल गाय नही बल्कि जन मानस का भी नुकसान होता है। सरकार द्वारा उक्त समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। जिसे लेकर कम्प्यूटर बाबा द्वारा प्रदेश भर से अपने अनुयायी के साथ बड़ी संख्या मे गायों के लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे।

### गौचर भूमि हो खाली

राष्ट्रीय संत कंप्यूटर बाबा द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश भर मे गौचर भूमि पर रसूखदारों द्वारा कब्जा कर रखा है और गाय सड़कों पर घूमने के लिए मजबूर है गाय का रंग काला होने के कारण रात्रि मे कई सड़क दुर्घटनाएं होती है जिससे गाय को क्षति तो होती ही है लेकिन एक हस्ता खेलता परिवार भी विनाश की दिशा मे चला जाता है। गायो की दुर्दशा पर हमे बहुत दुख होता है। क्योंकि सनातन धर्म की जननी ही गाय है गायों की रक्षा करना हमारा पर कर्तव्य है। प्रदेश सभी जिलों मे जाकर गायों कर सुरक्षा के लिए लोगो, किसानों व समाजसेवियों से आग्रह किया जा रहा है कि भोपाल पहुंचकर अभियान को सफल बनाएं।




### 14 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

पत्रकारों को संबोधित करते हुए कम्प्यूटर बाता द्वारा बताया गया कि गौ माता की रक्षा के लिए नर्मदापुरम से 7 अक्टूबर को यात्रा प्रारंभ की जावेगी। उक्त यात्रा 14 अक्टूबर को भोपाल सीएम हाउस पहुंचेगी जहां पर ज्ञापन उपरांत यात्रा का समापन होगा। यदि सरकार द्वारा गौ माता की रक्षा के लिए कोई ठोस कार्रवाई करते हुए नियम नही बनाया जावेगा तो हमारा यह अभियान जारी रहेगा। गौ माता को ले जाकर मुख्यमंत्री को गौ चर भूमि खाली कराने की मांग, गौ शाला निर्माण की मांग, गौ माता के साथ अत्याचार ना हो ऐसी अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जावेगा। उक्त ज्ञापन में प्रदेश भर से उनके समर्थक बड़ी संख्या मे पालतू व आवारा गाय लेकर पहुंचेगे।

### गायों को मोहन की है आवश्यकता

पूर्व राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त कम्प्यूटर बाबा द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान मे बड़ी संख्या मे गायो रहेगी उनके भोजन पानी के व्यवस्था के लिए भिक्षा मांग कर धन एकत्र किया जा रहा है जिससे गायों के लिए भूसा, घास , पानी खरीदा जा सकें। बताया गया कि प्रदेश मे गायों की दुर्दशा को देख कर हमारी आत्मा विचलित हो जाती है। क्योंकि सनातन धर्म की जननी ही गाय है गाय हमारी माता है। उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हमारी मांग है कि सरकार ऐसा निर्णय ले जिससे गाय सड़कों पर ना घूम सके। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारे प्रदेश के मुखिया यादव है गायों का दर्द समझ सकते है। मोहन को गायों की आवश्यता नही है। लेकिन गायों को मोहन की आवश्यकता है। उक्त मौके पर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष इंजी. रुद्रेश तिवारी, ठा. आकाश सिंह, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, रीतेश राय सहित बड़ी संख्या मे संत मंडली व नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गाडरवारा में श्रीमद् भागवत कथा आज से



**जबलपुर।** माहेश्वरी भवन सरस्वती स्कूल के पास गाडरवारा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 से 19 सितम्बर तक दोपहर 01 बजे से किया जा रहा है। कथा व्यास पंचनिर्मोही पीठाधीश्वर राधेय महाराज होंगे। आयोजक शुभम पटेल ने बताया कि पूज्य पिता स्व. रमेश कुमार पटेल, रिटा. एसडीओ (पीडब्ल्यूडी) के पितृपक्ष हितार्थ हमारे यहां श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भक्तिमय आयोजन किया गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण पूजन एवं पूर्णाहुति 20 सितम्बर को होगी। प्रसादी व श्राद्ध 21 सितम्बर रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित है। आयोजन में उपस्थिति का आग्रह पुत्र शुभम पटेल, भतीजे प्रीतेष, आदित्य सिंह पटेल सहित श्रवण कुमार पटेल, राजेन्द्र कुमार पटेल एवं पटेल परिवार गाडरवारा ने किया है।

### उमंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उमंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम शासन के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला प्रभारी बी पी पांडे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एचडब्लूए सुनील दीक्षित, गनी मो, तरुवर पटेल ने छात्र छात्राओं को 1 से लेकर 6 तक की गतिविधि कराई। इनमें कानाफूसी गेम, निश्चयात्मक संवाद आदि गतिविधियां कराई तथा बच्चों को यह बताया गया कि सभी मिलकर काम करें, लिंग भेद आदि हमारे कार्यों में नहीं होना चाहिए। सभी को समान अवसरों की उपलब्धता होनी चाहिए तथा सहभागी करण के बारे में बताया गया। सभी मिलकर निर्णय लें। इसके उपरांत बच्चों में किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों की जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत उमंग चैंपियन एवं बच्चों की सहभागिता प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में बृजभूषण बाजपेई पूर्व जनपद सदस्य, संगीता नामदेव, बेगम जमीला खान, फिरोज खान, सरिता कोरी, आशुतोष नामदेव, अजय कटारे, भागचंद झरिया, शरद गुप्ता, यश गुप्ता, एवं प्राचार्य की विशेष उपस्थिति रही।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रतियोगिताएं आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आरबी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्यान माला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ सुधा विकरोल ने अपने विचार प्रकट किये। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमित ताम्रकार, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानी कुमारी, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ जी. एस. मार्सकोले एवं डा इन्दु सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डा सुधा विकरोल ने आत्महत्या के कारण और उपायों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने बताया की जब बच्चे अकेलापन महसूस करते हैं, तनाव, सामाजिक एवं आर्थिक परेशानियों से जूझते हैं और जब इन परेशानियों का समाधान नहीं मिलता है तो अंतर्द्वंद्व की स्थिति में आत्महत्या का विचार मन में लाते हैं।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** केंद्रीय विद्यालय ने बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य ने माननीय सांसद महोदया का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में, विद्यालय के कॉमर्स संकाय के 11वीं कक्षा के छात्र, शुभम राय को माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया जी का स्वागत करने का अवसर मिला। शुभम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद महोदया का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में, सांसद ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और केंद्रीय विद्यालय, नरसिंहपुर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान देश के भविष्य को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय मे धरने पर बैठा युवक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्राम पंचायत में ठेकेदारी का कार्य करने वाला युवक कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा और धरने पर बैठ गया। बताया गया कि युवक ठेकेदारी का कार्य करता है और जिले की ग्राम पंचायत बरमान कला में स्वच्छता परिसर निर्माण कार्य किया गया है। लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी उसका भुगतान नही हुआ ठेकेदार युवक शुक्रवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा उसके बाद धरने पर बैठ गया। दीपक पटेल निर्माण कार्य एजेंसी चलाते हैं। दो साल पहले बरमान कला पंचायत ने उन्हें स्वच्छता परिसर की चार यूनिट बनाने का काम 3.50 लाख रुपये में दिया था। पंचायत ने अब तक केवल 50 हजार रुपये का भुगतान किया है। बेल्डिंग के 20 हजार रुपये खर्च करने के बाद अभी भी 2.80 लाख रुपये बकाया हैं। ठेकेदार ने 24 फरवरी 2025 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी और 18 मार्च 2025 को कलेक्टर को आवेदन दिया था। कोई कार्रवाई न होने पर वह धरने में बैठ गया हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण सामग्री उधार लेकर काम कराया था। भुगतान न मिलने से वे आर्थिक संकट में हैं।

### बाल अपराध नियंत्रण हेतु कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना वर्ष 2025- 26 के अंतर्गत बाल अपराध नियंत्रण एवं जागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान- डाइट नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। कार्यशाला में एड. अरविन्द सोनी ने बाल अपराध नियंत्रण के लिए विभिन्न वैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकतर बाल अपराध कानूनी जानकारियों के अभाव के कारण घटित होती है। बाल अपराधों से जुड़ी हुई वैधानिक जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूक किया जाए, तो काफी हद तक बाल अपराधों को घटित होने से रोका जा सकता है। उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र के बालक- बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्रकृति अपराधों और उनके लिए निर्धारित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डाइट आर के श्रीवास्तव ने बाल अपराध की रोकथाम के लिए स्वयं को कानूनी रूप से अपडेट रखने की अपील की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस विधिक जानकारी से अवगत कराएं।

### श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह कल से

**तेंदूखेड़ा।** पितृपक्ष के दौरान जगह-जगह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।इसी श्रंखला के चलते कल 14 सितंबर रविवार से बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रख्यात कथा वाचक महंत गोपीठाधीश्वर विपिन बिहारी महाराज के द्वारा चौधरी गार्डन परिसर में श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम छ बजे तक कथा चलेगी तथा 20 सितंबर को विश्राम होगा।21 को भंडारे प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा। बड़े पोद्दार परिवार द्वारा आयोजित इस कथा में सभी श्रोताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### माधव ग्राम भारती की जिलास्तरीय बैठक एवं सम्मान समारोह संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों माधव ग्राम भारती द्वारा जिला स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में सम्मान समारोह एवं भोजन उपरांत द्वितीय सत्र में बैठक संपन्न हुई जिसमें केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ठाकुर माधव ग्राम भारती नरसिंहपुर के अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान सह सचिव लक्ष्मीकांत धाकड़ कोषाध्यक्ष हीरेंद्र नायक जिला समन्वयक गोविंद सिंह किरार नगरीय शिक्षा प्रमोद दुबे सहित विभिन्न स्कूलों के 22 विद्यालयों के प्रधानाचार्य की सहभागिता रही ।सभी प्रधानाचार्यो का जिला समिति की ओर से अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया।सम्मान समारोह के उपरांत सभी ने अपने विचार रखे। संगठनात्मक विषयों पर अपनी अपनी बात रखी। प्रांत प्रमुख ने प्रांतीय प्रतियोगिताओं की व्यवस्था के संबंध में गहनता से चिंतन करते हुए विषयों को रखा प्रांतीय प्रतियोगिताओं की व्यवस्था के संदर्भ में सूक्ष्मता से योजना बनाई गई ।आभार जिला समन्वयक गोविंद सिंह किरार ने किया शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया।

## कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से मिलता है मोक्ष

### कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** कलयुग में भगवान का नाम जप पूजन अर्चन भगवत प्राप्ति के साथ हैं वहीं श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उक्त अमृत वचन भगवान बांके बिहारी जी पुण्य सलिला मां नर्मदा की कृपा से समीपी ग्राम मनकापुर में 10 सितंबर से विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दौरान भागवतोपासक पं रामनाथ जी शास्त्री के द्वारा व्यक्त किए गए। प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक चल रही इस कथा में बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहें हैं।कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण का काफी विस्तार से वर्णन करते हुए स्पष्ट किया कि सभी गंथ्रों का एक ही सार निकलकर सामने आया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने सत्कर्मों में संलग्न रहते हुये समय निकालकर भगवत भजन जरुरी है।किसी भी प्राणी को अनावश्यक कष्ट नहीं देना चाहिए जितना बन सकें पीड़ितो का सहयोग जरुर करें। 17 सितंबर को भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा।आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।



## पशुधन की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर केवल हो रहा दिखावा

### एन एच 45 पर दो मवेशियों को अज्ञात बाहन ने रौंदा तेंदूखेड़ा पशु धन के संरक्षण

सुरक्षा और पालन को बढ़ावा दिये जाने की दिशा आये दिन शासन स्तर से घोषणाएं तो खूब हो रही है लेकिन धरातल पर ढाक के तीन पात वाली कहावत ही चरितार्थ नजर आ रही है। गुरुवार की रात्रि में लगभग साढ़े दस बजे के लगभग जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर नटराज के समीप अज्ञात वाहन के द्वारा दो मवेशियों बुरी तरह से रौंद डाला मौके पर ही पशु धन का करुण अंत हो गया। विचारणीय विषय तो यह बना हुआ है कि इन निराश्रित मवेशियों की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर केवल कागजी घोड़े और जुबानी तीर ही चलाये जा रहे हैं। बड़ी संख्या में मवेशियों के झुंड मुख्य सड़क मार्गों पर विचरण करते हुए मिलना राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनको बैठना जारी है।ना तो प्रशासन इनको गौशालाओं में भेज रहा है और ना ही 1033 बाहन सेवा राजमार्ग पर दिख रही है। निराश्रित मवेशियों को जब तक स्थानीय पशुपालक अपने ही घर पर नहीं बांधकर रखेंगे तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं होगा। गौ शालाओं जो केवल दिखावा ही साबित हो रही है है उनमें जब तक पर्याप्त चारे पानी और बांधने छोड़ने की व्यवस्था नहीं होगी तब तक इनकी सुरक्षा और संरक्षण की बात केवल कागजी पुलिंदा ही साबित होगा।

## गौशालाओं का पंजीयन कार्य पूर्ण न होने से दर-दर भटक रहे बेसहारा गोवंश



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद बेसहारा विचरण करने वाले गोवंशों को शरण देने के लिए गोशालाओं का निर्माण कार्य किया गया है। मगर पशु चिकित्सालय विभाग के माध्यम से भोपाल पहुंचाई गई फाइलों का पंजीयन नहीं होने के कारण अधिकांश निर्मित गोशालाएं खाली पड़ी हुई है। जिसके कारण गोटेगांव की सड़क से लेकर ग्रामीण अंचल की सड़कों पर बेसहारा गोवंश अपना डेरा जमाए हुए रहता है। वहीं बारिश होने पर ऐसे गोवंश इधर उधर जाकर बचने का प्रयास करता है और जैसे ही बारिश का पानी थम जाता है यह वह फिर से सड़क पर आकर अपनी शरण स्थली बना लेते हैं। जिसके कारण बहुत से गोवंश सड़क से निकलने वाले वाहनों के शिकार हो जाने से जख्मी हो जाते है। ग्राम सालीबाड़ा समेत ग्राम पंचायत नेगुंवा, ग्राम पंचायत बुढैना, राजाकछार, ग्राम पंचायत बाबली में गोशालाओं का निर्माण शासन की योजनाओं के अनुसार करवाया गया है। मगर गोवंशों को कोई भी शरण नहीं मिल रही है। कहा जा रहा है कि इन गोशालाओं का पंजीयन का कार्य पूरा नहीं हुआ है।ग्राम पंचायत सालीबाड़ा में निर्मित गोशाला में गायों को शरण नहीं मिल रही है। सिर्फ दिखाने के लिए चौकीदार के ही मवेशी गोशाला के अंदर रहते है। इसका मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि यहां पर जो मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टयूब बैल खोदा गया है उसका विद्युत कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। पिछले एक माह पहले सीईओं वर्षा झारिया के द्वारा बताया गया था कि गोशाला सालीवाड़ा के टयूब बैल को संचालित करने के लिए ट्रांसफार्मर की मंजूरी मिल चुकी है। जो एक सप्ताह में लग जाने पर टयूब बैल चालू हो जाएगा। मगर एक माह से अधिक समय व्यतीत हो गया, यहां पर विद्युत मंडल ने स्वीकृति के बाद भी गोशाला स्थल पर ट्रांसफार्मर नहीं रखा है। जिसके कारण टयूब बैल चालू नहीं हो पा रहा है। यही बहाना बना कर ग्राम पंचायत गोशाला के अंदर निर्धारित संख्या के आधार पर गोवंशों को शरण नहीं दे रही है गोशाला सालीवाड़ा में दिखाने के लिए मौजूद चौकीदार के ही कुछ मवेशी यहां पर मौजूद रहते है और जहां पर गोवंश बांधने की व्यवस्था है वहां पर मवेशी नहीं होने पर चौकीदार के सदस्य खाना बनाने का कार्य करते रहते है। इसके कारण दो साल से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी गोशाला विधिवत संचालित नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नेगुंवा, ग्राम पंचायत बुढैना, ग्राम पंचायत राजाकछार, ग्राम पंचायत बाबली में गोशालाओं का निर्माण शासन की योजनाओं के अनुसार करवाया गया है। मगर यहां पर भी बेसहारा विचरण करने वाले गोवंशों को कोई भी शरण नहीं मिल रही है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि इन गोशालाओं का पंजीयन नहीं हुआ है। फसलों को हो रहा नुकसान-वर्तमान समय में बेसहारा मवेशियों की संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है कि बायपास सड़क से लेकर गोटेगांव की प्रमुख सड़कों पर ऐसे मवेशी अपना डेरा जमाए रहते है और वह कहीं आस पास के खेत में पहुंचते है एवं सुबह के समय जो कचरा रहवासी डालते है उस स्थल पर पहुंच कर अपना पेट भरने का प्रयास करते है। प्रशासन जिन पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण हो चुका है उनको जल्द ही पंजीयन कराने की दिशा में कदम उठाए ताकि इन निर्मित गोशालाओं के जरिए इधर उधर डेरा जमाने वाले गोवंशों को सुरक्षित आश्ररा मिल सके।

## प्रथम स्थान ऋतु जैन, द्वितीय स्थान चित्रा जैन एवं तृतीय स्थान समीक्षा जैन रही

**गोटेगांव।** जैन धर्म के दस लक्षण पर्व के शुभ अवसर पर श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया गया और 06 सितंबर बसको शिविरार्थियों की योग्यता एवं ज्ञान का मूल्यांकन लिखित परीक्षा लेकर किया गया। गोटेगांव में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागरजी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागरजी महाराज के मंगलमय सानिध्य में आयोजित इस श्रावक संस्कार शिविर का विशेष शिविरार्थियों के नामों की घोषणा कर विधिवत समापन किया गया ।



संस्कार शिविर में 14 वर्ष से 80 वर्ष के शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया। दस दिन तक चले इस संस्कार शिविर में शिविरार्थी धर्म, अध्यात्म की गंगा में गोते लगाते दिखे। श्वेत धोती दुपट्टे में दिनचर्या व्यतीत कर इन शिविरार्थियों ने सुबह 4:00 बजे से प्रार्थना जाप के साथ ही जिनेंद्र भगवान का अभिषेक ,पूजन ,संध्याकालीन आरती और गुरु सेवा तक खूब भक्ति कर पुण्यार्जन किया। उन्होंने मुनि श्री जी से धर्म के सार को समझा और अपने कर्मों की निर्जला की । संस्कार शिविर में जबलपुर ,जबेरा, गोटेगांव एवं अन्य स्थानों के शिविरार्थी शामिल हुए। इसके साथ ही अनेक शिविरर्थियों ने उपवास, व्रत किये। शिविर में प्रतिदिन होने वाले दैनिक धर्म कार्यक्रमों के साथ ही तत्वार्थ सूत्र का श्रवण भी किया। शिविर समापन अवसर पर 10 दिनों तक मुनि श्री के सानिध्य में शिविरर्थियों ने जो ज्ञान प्राप्त किया उसकी ली गई लिखित परीक्षा में महिला शिविरार्थी में श्रीमती ऋतु जैन संजीव नाहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर श्रीमती चित्रा अनिल कुमार जैन एवं तृतीय स्थान श्रीमती समीक्षा राजकुमार जैन ने प्राप्त किया। वहीं पुरुष शिविरार्थी में मुन्नालाल जैन जबलपुर ने प्रथम ,राकेश कुमार जैन जबलपुर ने द्वितीय, मनोज कुमार जैन जबलपुर एवं अभिषेक जैन जबेरा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर श्रीमती ऋतु जैन ने कहा कि हमने मुनि श्री जी के मंगलमय सानिध्य में जिनेंद्र भगवान की बहुत अच्छी पूजा की। धर्म साधना की। हम सबने मिलकर तत्वार्थ सूत्र वाचन ,जिनेंद्र भगवान का पूजन , दस लक्षण धर्म एवं जैन धर्म की बहुत सी गूढ़ बातें जानी और सीखी। हम सभी को गुरु जी का भरपूर वात्सल्य मिला। श्रीमती समीक्षा जैन ने कहा कि शिविर के दौरान हम सभी का बहुत अच्छा अनुभव रहा। शिविर के माध्यम से आत्म कल्याण की बहुत सी बातें जानी। श्रावक संस्कार शिविर प्रभारी राजकुमार जैन दमोह वाले एवं विद्वान पंडित संतोष कुमार जैन मड़ावरा ललितपुर के साथ ही शिविर संयोजक चक्रेश जैन का सराहनीय सहयोग रहा। चातुर्मास कमेटी द्वारा इन विशेष शिविरार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया एवं उनके पुण्य की सभी ने अनुमोदना की।